Title: Regarding statement made by Shri Satyanarayan Rao, Minister of State for Agriculture.(Motion adopted)

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : **अध्यक्ष महोदय, मैंने नियम २२२ के अधीन विशेषाधिकार हनन की सूचना दी है। कल नैचुरल कैलेमिटिज पर बहस का उत्तर देते हुए माननीय कृषि राज्य मंत्री श्री सत्यनारायण राव ने सदन को नोईंग्ली, विलफुली और डैलिब्रेटली यह कह कर गुमराह किया है कि बिहार सरकार ने फ्लड के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार को कोई रिपोर्ट नहीं दी है जबकि हमने हर रोज की राज्य सरकार की रिपोर्ट की फोटोकापी जमा की है। उसके सबूत हमारे सामने हैं। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि नियम के अधीन विशेषाधिकार हनन का मामला उठाने की इजाजत दी जाए। ... (व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : आपने प्रिवलेज मोशन दिया है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The notice of privilege motion given by you is under my consideration. I am ascertaining the facts from the Minister also.

... (Interruptions)

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :अध्यक्ष महोदय, यह प्रिवलेज का मामला है। हमने इसके लिए चुनौती भी दी लेकिन उसके बाद भी

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपने नोटिस दिया है। हम उसे कंसिडर कर रहे हैं। आप इस बात को समझ लो।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :उन्होंने जानबूझ कर सदन को गुमराह किया। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इसे विशेषाधिकार समिति के सुपुर्द किया जाए।

MR. SPEAKER: It is under my consideration.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I am calling one of the Members from Orissa because they are raising a very important matter with regard to cyclone.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: After Orissa, you will get the chance.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Yadav, what is your point? After Orissa, you will get the chance.

... (Interruptions)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरा एक प्वाइंट ऑफ इनफर्मेशन है। कल माननीय मंत्री जी ने बिहार के सम्बन्ध में जिक्र किया। रघुवंश सिंह जी ने प्रिवलेज मोशन का जिक्र किया। मेरा इस सम्बन्ध में प्वाइंट ऑफ इनफर्मेशन यह है कि

जो जानकारी माननीय कृषि राज्य मंत्री द्वारा सदन को दी गई थी

... (व्यवधान)
..जो प्रीविलेज मोशन दिया गया है, उसमें मेरा कोई विरोध नहीं है

... (व्यवधान)
.. आप मेरी बात तो सुनिये। मैं केवल इन्फौर्मेशन दे रहा हूं...

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, there is no provision for a point of information in the rules...(Interruptions)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ पाइंट आफ इन्फोर्मेशन दे रहा हूं।...

(interruptions)

अध्यक्ष महोदय, मैं कल सदन में था और जैसा मैंने सुना, माननीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण जो फसलों की क्षति हुई है, वह क्राप्स डैमेज रिपोर्ट बिहार सरकार ने केन्द्र सरकार को नहीं दी है जिसके चलते नेचुरल कैलैमिटीज फंडस की राशि का आबंटन नहीं किया जा रहा है।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, हमारे पास रिपोर्ट मौजूद है। हम कहां नहीं देते हैं?